केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/190 दिनांक: 16.06.2016

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00189
CICOM/R/2016/00467

अपीलकर्ता : श्री सलीम उद्दीन,
काठ दरवाजा, कैपिटल सिनेमा रोड,
थाना – नागफनी, मुरादाबाद- 244001.
उत्तर प्रदेश ।

निर्णय की तारीख : 16.06.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 28.03.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 04.05.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री कृष्ण अवतार तलवार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 21.04.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 130451/25.04.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 238/26.04.2016 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील सं. CIC/CC/A/2014/000438-KY के संबंध में यह कहते हुए कि उन्होंने कोई अपील नहीं की है, 3 बिंदुओं पर सूचना मांगी थी ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता ने दिनांक 28.03.2016 को आर.टी.आई. आवेदन दाखिल किया जो कि दिनांक 06.04.2016 को आयोग में डायराइज हुआ तथा दिनांक 07.04.2016 को श्री कृष्ण अवतार तलवार, जन सूचना अधिकारी को सूचना हेतु अग्रसारित किया गया, परन्तु अपीलकर्ता द्वारा निर्धारित 30 दिन की अवधि से पूर्व ही अर्थात 21.04.2016 को ही प्रथम अपील दाखिल कर दी गई है जबकि श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर ही दिनांक 04.05.2016 को पत्र सं. **CICOM/R/2016/00467/KY** के माध्यम से अपीलकर्ता को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है । इससे स्पष्ट है कि अपीलकर्ता ने सूचना प्राप्ति से पूर्व ही प्रथम अपील दाखिल किया है । प्रसंगवश अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु प्रदान की गई सूचना की प्रतिलिपि संलग्न है । प्रदान की गई सूचना सही है तथा अधोहस्ताक्षरी इससे पूर्णत: संतुष्ट हैं ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रदान की गई सूचना से यदि अपीलनकर्ता असंतुष्ट हों तो सूचना प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख पुन: प्रथम अपील दाखिल की जा सकती है ।

संलग्नक : यथोपरि ।

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
24 JUN 2016
D No.........
Initials..........

अचला सिन्हा
(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/V

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधकारी, सूचना आयुक्त-के.वाई. कार्यालय, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली. ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
23 JUN 2015
Initials..........................

23/06/16